

तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर

## एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल, छह की हालत गंभीर




**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** लुकवासा चौकी क्षेत्र में नेशनल हाईवे 46 पर गुरुवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसे ने श्रमिकों की घर वापसी को दर्दनाक बना दिया। अनंतपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार मजदूर सड़क पर जा गिरे।

जानकारी के मुताबिक, रिंकू रघुवंशी के कृषि फार्म पर मजदूरी करने के बाद करीब 25 मजदूर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लुकवासा के सिद्धपुरा गांव लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में रामप्यारी आदिवासी, शिवानी आदिवासी, लाखन बाई, भागनदे, बबलेश, प्रवीण, रजनी, अरविंद, सोनम, रूपा, चंचल, बती, सोनम, पूजा, राधा और एक अन्य रामप्यारी सहित एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल कोलारस स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 5 से 6 गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया है जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह ट्रक की तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## जमीन के लालच में बेटे ने पिता को नशा मुक्ति केन्द्र में कराया भर्ती



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां करोड़ों की जमीन के लालच में बेटों ने अपने ही पिता को नशेड़ी बताकर नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया। मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित के चचेरे भाई ने तलाश करते हुए केंद्र तक पहुंचकर साजिश का पर्दाफाश किया।

गुना जिले के श्यामपुर निवासी जगदीश रघुवंशी के मुताबिक उनके चचेरे भाई गंगाराम रघुवंशी को उनके बेटों सतीश और विक्की ने सुनियोजित तरीके से अगवा कर शिवपुरी के एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया। आरोप है कि यह पूरी साजिश 17 बीघा जमीन हड़पने के लिए रची गई, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि करीब 20 साल पहले पत्नी और दोनों बेटे गंगाराम से अलग हो गए थे और इसी दौरान जमीन अपने नाम करा ली। अब जब नामांतरण प्रक्रिया चल रही थी, तो गंगाराम ने एसडीएम न्यायालय में आपत्ति लगा दी। 30 अप्रैल की अहम तारीख से पहले ही 20 अप्रैल को उन्हें शादी समारोह से उठाकर केंद्र में भर्ती करा दिया गया, ताकि वे कोर्ट में पेश न हो सकें। जगदीश रघुवंशी ने पहले गुमशुदगी दर्ज कराई और बाद में जब नशा मुक्ति केंद्र पहुंचे तो मिलने नहीं दिया गया, जिससे शक गहरा गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। वहीं केंद्र के मैनेजर ब्रजेश पाठक ने सफाई देते हुए कहा कि गंगाराम को उनके बेटे नशे की हालत में लेकर आए थे और दस्तावेजों के आधार पर भर्ती किया गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर गंगाराम को छोड़ दिया गया। केंद्र से बाहर आने के बाद गंगाराम ने साफ आरोप लगाया कि उनके बेटे जमीन हड़पने के लिए उन्हें जबरन बंदी बनाकर रखना चाहते थे। फिलहाल मामला पुलिस जांच में है और पूरे घटनाक्रम ने पारिवारिक रिश्तों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।



## फास्टैग अनिवार्य होते ही टोल पर अफरा-तफरी

### जाम में फंसे सैकड़ों वाहन, गुस्साए चालकों ने तोड़ा बूम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** शुक्रवार सुबह पूरनखेड़ी टोल प्लाजा पर नए नियम की अचानक एंट्री ने हालात बिगाड़ दिए। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा फास्टैग अनिवार्य किए जाने के फैसले ने सैकड़ों वाहनों को जाम में जकड़ दिया। देखते ही देखते टोल पर लंबी कतारें लग गईं और बस, कार व अन्य वाहन घंटों तक रेंगते नजर आए।

स्थिति तब बेकाबू हो गई जब कई वाहन चालकों का फास्टैग एक्टिव नहीं मिला और ऑन-द-स्पॉट भुगतान का विकल्प भी बंद था। जानकारी के अभाव में फंसे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कुछ चालकों ने आक्रोश में टोल का बूम तक तोड़ दिया और जबरन निकलने की कोशिश की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टोल कर्मचारियों और चालकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। गर्मी और लंबा इंतजार हालात को और तनावपूर्ण बना रहा था। कई यात्रियों ने इसे अचानक थोपा गया नियम बताते हुए प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। टोल प्रबंधन का कहना है कि अब केवल एक्टिव फास्टैग से ही शुल्क लिया जाएगा, नंबर प्लेट के आधार पर कटौती की पुरानी सुविधा पूरी तरह बंद कर दी गई है। हालांकि, बिना पूर्व सूचना लागू किए गए इस नियम ने व्यवस्था की पोल खोल दी।

## हेलमेट पर सख्ती : 15 चालकों पर चालान, 4500 वसूले, नियम मानने वालों का सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** सड़क सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस ने ग्वालियर बायपास पर सख्त रुख अपनाया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाए गए अभियान में बिना हेलमेट घूम रहे दोपहिया चालकों पर कार्रवाई करते हुए 15 वाहनों के चालान काटे गए और कुल 4500 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में की गई। थाना कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वालों को रोका और मौके पर ही चालानी कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई ही नहीं की, बल्कि जागरूकता पर भी जोर दिया। बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें दुर्घटनाओं के जोखिम और हेलमेट के महत्व के बारे में समझाइश दी गई। वहीं, हेलमेट पहनकर नियमों का पालन कर रहे चालकों को पुलिस ने माला पहनाकर सम्मानित किया। इस पहल ने अभियान को अलग पहचान दी और राहगीरों में सकारात्मक संदेश छोड़ा।

## जिले में उत्साहपूर्वक शुरू हुआ जनगणना का काम

### जनगणना के लिये निकले प्रगणक, प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का काम



**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** शिवपुरी जिले में 01 मई को उत्साहपूर्वक जनगणना का कार्य शुरू हुआ। पहले दिन प्रगणकों व सुपरवाइजर के मोबाइल फोन में एप डाउनलोड कराए गए और सामग्री वितरण की गई। इसके बाद शासकीय सेवकों ने जनगणना का काम शुरू किया। आरंभ में प्रगणकों द्वारा नजरी-नक्शा तैयार किए। जनगणना के लिये निकले प्रगणकों का स्थानीय निवासियों ने भी स्वागत किया।

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिवपुरी जिले में भी प्रथम चरण में 01 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकान गणना (एचएलबी) का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना 2027-एचएलओ मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुन- सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अर्पित वर्मा ने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णत- गोपनीय रहेगी। उन्होंने कहा है कि जनगणना के आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते हैं। सही जानकारी से ही शुद्ध जनगणना होगी।

**जनगणना के लिए 3904 प्रगणक/ सुपरवाइजर:** जिले में जनगणना कार्य के लिए 3904 प्रगणक/सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है जिसमें 3031 प्रगणक और 311 रिजर्व प्रगणक है। इसके अलावा 500 सुपरवाइजर और 62 रिज़र्व सुपरवाइजर है। कुल 22 चार्ज बनाए गए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र में 10 और नगरीय क्षेत्र के लिए 12 चार्ज हैं। जिले में 3388 गणना ब्लॉक बनाए गए हैं।

### जनगणना के प्रथम चरण में 34 बिंदुओं की जानकारी संकलित होगी

जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी। इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दम्पत्तियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, परिसर के अंदर स्नान की सुविधा, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लेपटॉप/ कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्ट फोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।



## सांदीपनी विद्यालय में अल्प विराम कार्यशाला आयोजित

### आत्म मंथन से आनन्द की ओर बढ़ते कदम

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 1 मई।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला ने प्रतिभागियों को आत्मचिंतन, जीवन मूल्यों की पहचान और सकारात्मक सोच की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने न केवल स्वयं को समझने का प्रयास किया, बल्कि जीवन को आनंदमय बनाने के सूत्र भी सीखे।

कार्यक्रम राज्य आनंद संस्थान के जिला नोडल अधिकारी जेपी गुप्ता के निर्देशन, जिला संपर्क व्यक्ति अभय जैन एवं विद्यालय के प्राचार्य संजीव पुरोहित के समन्वय में आयोजित हुआ। शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से हुई, जिसने पूरे माहौल को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। मास्टर ट्रेनर साकेत पुरोहित ने आनंद विभाग की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों को तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने के लिए यह पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि असली आनंद बाहरी संसाधनों में नहीं, बल्कि व्यक्ति के भीतर निहित होता है। आनंदम सहयोगी प्रीति तिवारी ने परिवार, समाज और देश से जुड़े मुद्दों पर संवाद स्थापित करते हुए प्रतिभागियों को आत्मजिम्मेदारी और जागरूकता का संदेश दिया। वहीं आनंदम सहयोगी बृजेश सिंह तोमर ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर की पवित्रता, ईमानदारी, निस्वार्थता और प्रेम को पहचानना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि सच्ची निष्ठा से किया गया हर कार्य जीवन में सफलता और संतोष जरूर देता है। प्रमोद रावत ने फ्रीडम ग्लास गतिविधि के जरिए अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव साझा किए और प्रतिभागियों को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया। डॉ. अंजना जैन ने अल्पविराम यात्रा के अनुभव बताते हुए जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताते हुए भविष्य में ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### नरवाई की आग बनी आफत, 300 साल पुराना इमली का पेड़ राख, बिजली व्यवस्था ठप

**शिवपुरी, 1 मई।** इंदार थाना क्षेत्र के बिज़रौनी गांव में गुरुवार दोपहर नरवाई की आग ने ऐसा विकराल रूप लिया कि सैकड़ों साल पुरानी धरोहर भी उसकी भेंट चढ़ गई। दोपहर करीब 3 बजे लगी आग तेजी से फैलती गई और देखते ही देखते आसपास का बड़ा इलाका चपेट में आ गया।

आग की लपटों ने करीब 200 से 300 साल पुराने विशाल इमली के पेड़ को भी नहीं बख्शा। पेड़ पूरी तरह जलकर कमजोर हो गया और आखिरकार धराशायी हो गया। इसके गिरने से पास खड़े बिजली के तीन खंभे भी टूट गए, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और अंधेरा छा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गेहूं की नरवाई जलाने के कारण यह आग बेकाबू हुई। तेज हवा ने आग को और भड़काया, जिससे हालात तेजी से बिगड़ते गए। आग गांव की ओर बढ़ने लगी तो ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग अपने घरों को बचाने के लिए जुट गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा। आग बुझाने के लिए तीन दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद देर रात करीब 2 बजे आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सैकड़ों साल पुराना पेड़ और कई अन्य पेड़ जलकर खाक हो गए।



## एसडीएम करैरा के प्रयासों से फिर गुलजार हुई करैरा मंडी

**शिवपुरी, 1 मई।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन एवं करैरा एसडीएम अनुराग निगवाल के सतत प्रयासों से कृषि उपज मंडी करैरा एक बार फिर रौनक से भर उठी। शुक्रवार को मंडी प्रांगण में किसानों की फसलों की डाक बोली के दौरान व्यापारियों और किसानों की अच्छी खासी मौजूदगी रही।

एसडीएम अनुराग निगवाल, तहसीलदार ललित शर्मा एवं मंडी सचिव मनोहर घोष मंडी पहुंचकर स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लिया और किसानों की उपज की पारदर्शी डाक बोली लगवाकर उन्हें उचित मूल्य दिलवाया। प्रशासन की सक्रियता से किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान किसान प्रतिनिधियों द्वारा एसडीएम अनुराग निगवाल का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। वहीं मंडी परिसर में किसानों एवं आमजन के लिए प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को राहत मिलेगी। मंडी कार्यालय में व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने भी एसडीएम का स्वागत-सम्मान कर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

साथ ही हम्माल एवं तुलावटी प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि प्रशासन की सख्ती और सक्रियता के चलते मंडी में फिर से व्यवस्थित व्यापार शुरू हुआ है और उन्हें अपनी उपज का सही दाम मिल रहा है।






## आज से अमृत भारत ट्रेन की नियमित सेवा शुरू

### बनारस से पुणे तक सीधा सफर आसान

**भोपाल, 1 मई. भोपाल से गुजरने वाले यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा शुरू हो गई है. बनारस से हडपसर पुणे के बीच अमृत भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस की नियमित सेवा 2 मई से प्रारम्भ हो रही है. जबकि वापसी सेवा 4 मई से शुरू होगी.**

बता दें रेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह नई ट्रेन पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल के बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी और हरदा स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी. इससे मध्य प्रदेश के यात्रियों को सीधी और तेज कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा. बता दें इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे. जिनमें 8 शयनयान श्रेणी, 11 सामान्य श्रेणी, 2 एसएलआरडी और 1 पेन्ट्रीकार शामिल है गाड़ी संख्या 22589 बनारस से शाम 18 बजकर 15 मिनट पर रवाना होगी. जो कि अगले दिन सुबह 6 बजकर 5 बजे बीना, 8 बजकर 7 बजे रानी कमलापति, 9 बजकर 16 बजे नर्मदापुरम, 10 बजकर 20 बजे इटारसी और 11 बजकर 15 बजे हरदा पहुंचेगी. वहीं तीसरे दिन मध्यरात्रि 12 बजकर 10 बजे हडपसर पुणे पहुंचेगी. वहीं इसी क्रम में गाड़ी संख्या 22590 हडपसर पुणे से सुबह 7 बजकर 50 बजे से चलकर निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुये अगले दिन दोपहर 2 बजकर 30 बजे बनारस पहुंचेगी.

### इन प्रमुख स्टेशनों पर होगा ठहराव

ट्रेन ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज जंक्शन, फतेहपुर, गोविंदपुरी, कानपुर, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई, झांसी, बीना, रानी कमलापति, नर्मदापुरम, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव मनमाड, कोपरगांव, अहिल्यानगर और दौंड कॉर्ड लाइन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी.

### यात्री सुविधाओं पर बैठक में अहम सुझाव




**भोपाल.** यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है और प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा. यह बात मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने भोपाल रेल मंडल के डीआरएम कार्यालय में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक में कही. बता दें बैठक में समिति के 15 में से 10 सदस्यों ने उपस्थित दर्ज कराकर यात्रियों की सुविधा संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की. बैठक में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने प्रस्तुति के माध्यम से मंडल की उपलब्धियों और वर्तमान यात्री सुविधाओं की जानकारी दी. इसमें स्टेशनों पर हो रहे विकास कार्य और सेवाओं में सुधार के प्रयासों को साझा किया गया. वहीं बैठक के दौरान विधायक भगवान दास सबनानी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और संगठनों से जुड़े सदस्यों ने अपने क्षेत्रों से जुड़े यात्री सुविधाओं के मुद्दे उठाए. सदस्यों ने ट्रेनों की सुविधा बढ़ाने स्टेशन व्यवस्थाओं में सुधार और यात्रियों की मांगों को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए. समिति के सदस्यों ने भोपाल मंडल में किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना भी की और भविष्य में और बेहतर सेवाएं देने की अपेक्षा जताई. बैठक में अधिकारियों ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया. इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. बैठक का संचालन मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे ने किया.

## ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 24 यात्री घायल

### एनएच-52 पर टुकराना जोड़ के समीप हुआ हादसा, 52 लोग थे सवार




**शाजापुर, 1 मई.** एनएच-52 पर टुकराना और बिजाना जोड़ के बीच बड़ा सडक़ हादसा हो गया. यहां बापूजी पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीर्थ यात्रियों से भरी बस को पीछे से टक्कर मार दी. इस बस में करीब 52 यात्री सवार थे, जो केदारनाथ-बद्रीनाथ के दर्शन कर खरगोन लौट रहे थे.

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का पिछला हिस्सा और ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. इस हादसे में 24 से अधिक यात्री घायल हो गए. सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट राजवीर और कमलेश, प्रधान आरक्षक पवन शर्मा और आरक्षक देवांशु ठाकुर मौके पर पहुंचे. इसके बाद लालघाटी थाना और कोतवाली पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची. सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से शाजापुर के जिला अस्पताल भेजा गया. जहां उनका इलाज जारी है.

**घायलों में** रीना, कंचन बाई, नर्मदा बाई, धनी बाई, बसु बाई, रमा बाई, सेवकराम पटेल, बलीराम, अनिता, कमलेश, संगीता, छाया, उमाबाई, तुलसीबाई और भगवतबाई सहित अन्य यात्री शामिल हैं. बताया गया है कि टक्कर मारने वाले ट्रक में कच्चा तेल भरा था और वह झालावाड़ से देवास जा रहा था. पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटाकर यातायात बहाल किया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है.